-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बदौसा पुलिस की तत्परता से यात्री का खोया हुआ बैग सकुशल बरामद, बैग स्वामी को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में थाना बदौसा पुलिस की तत्परता से यात्री का खोए हुए बैग को बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हे कि दिनांक 15.11.2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कामता सिंह निवासी भरखरी थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा जो कानपुर से मानिकपुर जा रही बस से बदौसा जनपद बांदा की यात्रा कर रहे थे, इसी दौरान उनका बैग बस में छूट गया था, जिसमें श्वास संबंधी दवाइयां, कपड़े एवं कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना बदौसा पुलिस द्वारा आवेदक से वार्ता कर बस के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा बस के कंडक्टर से संपर्क स्थापित किया गया। पुलिस द्वारा आवेदक एवं बस कंडक्टर के मध्य वार्ता भी कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप आवेदक का खोया हुआ बैग प्राप्त हो गया। थाना बदौसा पुलिस द्वारा आवश्यक समन्वय स्थापित कर आज दिनांक 16.11.2026 को बैग उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। बैग प्राप्त होने पर व्यक्ति द्वारा बांदा पुलिस की तत्परता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया ।

बरामद करने वाली टीम:-

1. थानाधायक्ष बदौसा श्री राजेश मौर्य
2. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार
3. कां0 उत्कर्ष शुक्ला
4. कां0 मिथलेश